हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–44 : जौनपुर, गुरुवार 06 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## बलिया में एक मंच पर डिप्टी सीएम और ओपी राजभर : विपक्ष पर कई तंज

बलिया ब्यूरो : बलिया के रसड़ा में एक निजी समारोह में पहुंचे प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों के सवाल पर राहुल गांधी और कांग्रेस पर तंज कसा। कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी को ढूढ़ने से अध्यक्ष नहीं मिल रहा है। आने वाले समय में कांग्रेस का और बुरा हस्र होने वाला है। कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान को लेकर निशाना साधा कहा कि उनके पास अपनी कोई नीति और एजेंडा नहीं है। उप मुख्यमंत्री के साथ सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश भी साथ रहे। इस दौरान भाजपा नेताओं के साथ मंच शेयर तो किया, लेकिन अपने पुराने राग को भी अलापने से गुरेज नहीं किया। अति पिछड़ों की हिस्सेदारी की बात करते हुए कहा कि बलिया में किसी थाने पर अति पिछड़ा थानेदार नहीं है। सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर कहा कि यह कौन सी नई बात है। जब से राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं अखिलेश यादव




एक भी चुनाव नही जीते। ब्रजेश पाठक ने एक सवाल पर कहा कि ओमप्रकाश राजभर उनके स्थायी मित्र हैं। राजनीतिक बात क्यों पूछ रहे हैं। बीजेपी के साथ गठबंधन के सवाल पर ओपी राजभर ने कहा कि पहले हम अपनी ताकत बढ़ाने निकले हैं।

## तालाब के विवाद में महिला को डूबो कर मारा व सड़क पर घसीटा : वीडियो वायरल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के निगोहां के भीखनपुर गांव में तालाब के विवाद में दबंगों ने पड़ोसी महिला रीमा देवी को तालाब में डूबो–डूबो कर मारा फिर बाहर निकलने पर उसे और एक अन्य महिला को सड़क पर घसीटकर पीटा। पीड़िता ने थाने पहुंचकर दबंग के खिलाफ शिकायत की तो पुलिस ने टालमटोल का रवैया अख्तियार किया। इसकी जानकारी होने पर बुधवार को दोबारा दबंगों ने महिला व उसके परिजनों को घर से खींचकर मारापीटा। वारदात से पूरा परिवार दहशत में है। पूरा परिवार घर में कैद हो गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। भीखनपुर निवासी रीमा देवी के मुताबिक गांव के बाहर उनका तालाब है। तालाब में उन्होंने सिंघाड़े की बेढ़ लगा रखी है। आए दिन तालाब में पड़ोसी अमित अपने जानवर छोड़ देता है जिससे फसल को नुकसान होता है। मंगलवार दोपहर अमित के जानवर तालाब में फसल का नुकसान कर रहे थे। शिकायत की तो अमित ने खींचकर पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर अमित का भाई विक्की, अर्पित और कल्लू व अन्य लोग आ गए।



उन्होंने तालाब में ही उसे डुबो डुबो कर लात घूसों से पीटा। इसके बाद बाहर खींचकर लाए। सड़क पर घसीट कर मारा। गांव वालों के विरोध पर वह भाग निकले। हमले से महिला के पेट व पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता तहरीर लेकर निगोहां थाने पहुंची तो पुलिस ने टरका दिया। सुनवाई नहीं की उल्टा आरोपितों का पक्ष लेने लगी। इस पर वह हताश होकर लौट आई। बुधवार को इसकी जानकारी अमित और उसके घरवालों को हुई। शाम को अमित और उसके भाई गाली–गलौज करते हुए घर में घुसे। पीड़िता के मुताबिक अमित और उसके भाइयों ने हमला बोल दिया। उसे और बेटी को पीटने लगे। घर के बाहर खींचकर पीटना शुरू कर दिया। दबंगों ने तीन हजार रुपये और सोने का लाकेट भी लूट लिया। धमकी दी कि अगर अब पुलिस के पास शिकायत की तो जान से मार देंगे। सीओ निगोहां सोमेंद्र विश्वास ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ एक दिन पूर्व शिकायत दर्ज हुई थी। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

## शारदीय नवरात्रि पर काली माता के मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली(हरदोई) : जनपद के बॉर्डर से सटा हुआ विकास क्षेत्र कॉट के अंतर्गत लगभग 5000 की आबादी वाला गाँव कुर्रिया कला में स्थित ऐतिहासिक अति प्राचीन माता महिषासुर मर्दिनी मंदिर में शारदीय नवरात्रि व बसंती नवरात्रि के पर्व पर भक्तों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ती है। नवरात्रि के पर्व पर इस मंदिर में पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। कहते हैं कि मां के दरबार में जो भी मुराद माँगी जाती है,वो पूरी होती है। यही बजह है कि यहाँ नवरात्रि के पर्व पर भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है। अति प्राचीन सुप्रसिद्ध देवी माँ के मंदिर पर मुराद माँगने क्षेत्र के अलावा दूर –दराज से लोग आते हैं।भक्त और श्रद्धालुजन मनोकामना पूरी होने की मन्नत मांगते हैं, मां सबकी मनोकामना पूरी करती हैं। आपको बता दें कि यहाँ माता जी का मंदिर आमजनों के लिए वर्ष में दो बार शारदीय व बसंती नवरात्रि को केवल तीन दिनों नवमी, दशमी,व एकादशी को ही खुलता है। इन तीन दिनों में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिलती



है। मान्यता के अनुसार यहाँ पर शक्कर व गरी गोला का परसाद माता को भेंट स्वरूप चढ़ाया जाता है।द्वादशी को मंदिर के कपाट बन्द हो जाते हैं। वैसे तो मंदिर में पूजा अर्चना प्रतिदिन की जाती है साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन व मुण्डन के लिये लोगों का यहाँ प्रतिदिन आना जाना बना रहता है। लोगों के मुताबिक यहाँ मान्यता के अनुसार मुराद पूरी होने पर चौत्र मास की त्रयोदशी को बकरे की बलि भी माता के मंदिर में चढ़ाई जाती है।

## योग से बच्चों का तन मन स्वस्थ होने के साथ–साथ शिक्षा का स्तर ऊपर उठ रहा है: योगाचार्य कृष्ण देव मिश्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। छावनी परिषद में स्वच्छता पखवाड़ा में तन और मन की स्वच्छता के लिए योग के द्वारा बच्चों को मूल गुण रहस्य को बताया गया जिनमें बच्चों ने आसनों के करतब भी दिखाए यह छावनी के छोटे बच्चों के द्वारा जूनियर हाई स्कूल बीसी बाजार संपन्न हुआ जिस के मुख्य अतिथि नैनीताल मोमोज के मालिक रंजीत सिंह थे। छावनी के प्राचार्य के डी तिवारी, मैडम प्रधानाचार्य साधना सिंह , रेलवे रिटायर्ड ऑफिसर के के गुप्ता एवं कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण दत्त मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय आदर्श योग संस्थान के मुख्य रूप से पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को संचालित किया। स्कूल के अध्यापक बंधुओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अपने आसन प्राणायाम ध्यान के द्वारा स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया।




इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को बहुत ही प्रोत्साहित कर रहे हैं साथ ही उनका तन मन स्वस्थ होने के साथ–साथ शिक्षा का स्तर ऊपर उठ रहा है।

## खिलाड़ियो और टीम ऑफिसियल आकाश पंवार वैष्णवी शर्मा कुमकुम और सन्दीप सैनी का किया गया भव्य स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एसवडीवपीवएफव इंडिया द्वारा 4जी नेशनल फेडरेशन कप–2022 मिनाताई ठाकरे स्टेडियम नाशिक ( महाराष्ट्र ) में एथलेटिक्स और फुटबॉल इवेंट का आयोजन किया गया जिसमें नार्थ जोन से एथेलेटिक्स में 11 प्लेयर्स और फुटबॉल में अंडर –18 टीम ने प्रतिभाग किया जिसमें एथेलेटिक्स में प्राची ने गोल्ड मैडल , प्रियंका ने गोल्ड मैडल , मनीषा ने गोल्ड मैडल , अंजली ने सिल्वर मैडल और बॉयज में निलोतपल 100उ में गोल्ड मैडल , बंटी1500उ में गोल्ड मैडल , शुशांत 100उ में गोल्ड मैडल , आदित्य लॉन्ग जम्प में गोल्ड मैडल लविश 100उ में सिल्वर मैडल ,लक्ष्य लॉन्ग जम्प में गोल्ड मैडल रोहित 200उ में ब्रांस मैडल प्राप्त किया'। हरिद्वार पहुँचने पर खिलाड़ियो और टीम ऑफिसियल आकाश पंवार , वैष्णवी शर्मा , कुमकुम और सन्दीप सैनी का भव्य स्वागत किया गया जिसमें गुलाब सिंह



, प्रीतमसिंह तोमर , डॉव राम भरोसे , ज्योति कुमार , अंकुल चौहान , श्रीमती अंजलि , कुव काजल , कुव स्वाति , कुलदीप कुमार , प्रिया तोमर , शिवानी , अब्दुल रहमान , शिखा शर्मा , मनोज मालिक , छत्र पाल(फुटबाल सेक्रेटरी) , विवेक चौहान , परवीन कुमार , योगेश कुमार , सुदीप बनर्जी , अमित कुमार , अजय सिंह , अनिल कुमार , मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे'।

## कृषको को रू0 1353.86 करोड़ की धनराशि का किया जा चुका भुगतान : उप कृषि निदेशक

जौनपुर सू.वि. : उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अर्न्तगत लाभार्थी कृषको को रू0 2000.00 की 03 समान किस्तो में रू0 6000.00 प्रतिवर्ष प्रदान की जा रही है। जनपद में अब तक 757904 कृषको को रू0 1353.86 करोड़ की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। पात्र कृषको की पहचान, उसका सत्यापन तथा लाभार्थी कृषको की सूची का निरन्तर सुधार किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा नये पात्र कृषको की पहचान कर उनका पी0एम0 किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराने, अपात्र कृषको को चिन्हित कर उन्हे डिलीट करने एवं ई–के0वाई0सी0 पूर्ण कराने तथा भूमि का विवरण सत्यापित करने का निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा 30 सितम्बर तक प्रत्येक लाभार्थी कृषक की भूमि का सत्यापन आवश्यक रूप से पी0एम0 किसान पोर्टल पर निर्धारित किया गया था, किन्तु समयान्तर जनपद के 80 प्रतिशत किसानो का ही लेखपालो द्वारा भूलेख सत्यापन कर पी0एम0 किसान पोर्टल पर अपलोड किया जा सका अभी भी 20 प्रतिशत किसानो का भूलेख सत्यापन होना अवशेष है, जिसके लिए शासन द्वारा समय बढ़ा दिया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग को शेष लाभार्थियो के भूलेख सत्यापन कर तीन दिन के अन्दर पोर्टल पर दर्ज करने की कार्यवाही सावधानी के साथ त्रृटिरहित एवं समयावधि के अर्न्तगत कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किसानो से भी अपील किया है कि अतिशीध्र सम्बन्धित लेखपालो से सम्पर्क कर अपना भूलेख सत्यापन कराले अन्यथा उनकी बॉरहवी किस्त रूक जायेगी।

## 06 अक्टूबर 2022 से 12 अक्टूबर 2022 तक के मध्य किया जायेगा खाद्यान्न का वितरण : जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डो को माह–अक्टूबर 2022 के प्रथम चक्र में किये जाने वाले माह –अगस्त 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से 06 अक्टूबर 2022 से 12 अक्टूबर 2022 तक के मध्य किया जायेगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्ड धारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा० खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल) का वितरण निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा पोर्टेबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा दिनांक 08.10.2022 तथा 09 अक्टूबर 2022 को उपलब्ध रहेगा। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 12 अक्टूबर 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में उन्होंने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण निर्धारित दरों (गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से) के अनुसार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सड़क हादसे में सैनिक की मौत : परिवार में मचा कोहराम

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के थाना धनपत गंज के कुट्टा गांव निवासी सैनिक मनीष तिवारीकी ड्यूटी के दौरान मेरठ में सडक हादसे मे मौत हो गयी । जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पैतृक आवास पर बुधवार को सैनिक वाहन से शव लेकर पंहुचे जवानों ने मृतक जवान को सलामी दी। घटना के अनुसार



कुट्टा गांव निवासी मनीष तिवारी(38वर्ष) मेरठ में सेना मे ड्राइवर की पोस्ट पर तैनात था।जंहा सोमवार को दोपहर सेना का वाहन लेकर जा रहा था तभी उसको लगा कि गाड़ी में कोई कमी है। वह नीचे उतर कर गाड़ी चेक कर रहा था ।कि तभी अचानक गाड़ी चल पड़ी जिसके नीचे सैनिक तब गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही घर पहुंची तो क्षेत्र में कोहराम मच गया। मनीष का शव सैनिक वाहन से बुधवार को घर पंहुचा तो इलाके के लोगों की भारी भीड जमा हुई और परिवार. मे कोहराम मच गया ।सैनिक को श्रद्धांजलि देने के लिए आस पड़ोस के काफी लोग इकट्ठा हो गए। मृतक सैनिक मनीष तिवारी के पिता त्रिभुवन तिवारी भी सेना मे थे जो कैप्टन पद से रिटायर्ड है।दो भाईयों मे बडा भाई संतोष भी सेना से रिटायर्ड है। दूसरा भाई पवन तिवारी भी आर्मी मे है जो मौजूदा समय मे डयूटी पर है। मृतक की पत्नी सुमन शिक्षा मित्र है। मृतक के दो बेटो मे बडा लडका अम्बेष (11वर्ष),तथा छोटा बेटा अनंत तिवारी( 5वर्ष) का है। बताते चले मनीष आज ही के दिन बुधवार को एक मांगलिक कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये छुट्टी आने वाला था। जिसका बेसब्री से बेटे और पत्नी सुमन के साथ सभी परिवारी जन इंतजार कर रहे थे ।लेकिन उन्हे क्या पता था कि मनीष आयेगा लेकिन तिरंगे मे लिपटा हुआ आयेगा। ११वर्षीय बेटे अम्बेष ने पिता मनीष को मुखाग्नि दी। तो पूरा. माहौल गमगीन हो गया।

## समाजसेवी रजनी प्रकाश के आवास पर डांडिया एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के इंदिरा नगर तकरोही क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी में स्थापित डिप्टी सेक्रेटरी ओम प्रकाश एवं समाजसेविका रजनी प्रकाश के आवास पर डांडिया एवं भजन कीर्तन





का भव्य आयोजन किया गया। जिन महिलाओं ने भजन कीर्तन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उनमें रूबी वर्मा, अंजली श्रीवास्तव, स्वीटी श्रीवास्तव, शालू पाण्डेय, सविता सिंह, आरती सिंह, इंदु शर्मा, अर्चना सिंह, आरती श्रीवास्तव, शालिनी पाण्डेय, प्रतिमा पाण्डेय, मृदुला सिंह, रंभा सिंह,जया वर्मा, मानसी वर्मा, गुड़िया आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रही।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आत्मानुभूति की शक्ति मन की विनाशकारी आदतों को बदलनें का चमत्कार कर देती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मानव विकास की अनूठी खोज

एक हड्डी से पृथक डीएनए ने संकेत दिया कि यह न तो निएंडरथल और न ही होमो सेपियंस से था, बल्कि एक व्यक्ति से आया था। होमिनिन्स का एक नया समूह, जिस गुफा में हड्डी मिली थी, उसके नाम पर इस समूह का नाम डेनिसोवन्स रखा गया।

अपने अस्तित्व के मोल को गहराई से समझना और अपने विकास की जड़ों तक पहुंचना मानव का एक कौतूहल भरा विषय रहा है। इसकी जिज्ञासा सदैव हमारे अंदर अपनी पैठ बनाकर रही है। प्रागैतिहासिक काल में जाए बिना हम अपने अस्तित्व और अपने संपूर्ण विकास की गहरी जानकारी उपलब्ध नहीं कर सकते। इस बार हम लाखों वर्ष लंबे इतिहास की खुदाई करके अपने अस्तित्व के विकास की जड़ों तक पहुंचने में सफल हो गए हैं।

इसी सफलता के लिए स्वीडिश वैज्ञानिक स्वान्ते पाबो ने मानव विकास शोध के लिए इस वर्ष का चिकित्सा क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता है। जर्मनी के लीपजिग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी (एमपीआई–ईवीऐ) में अनुवांशिकीविद 67 वर्षीय स्वान्ते पाबो ने निएंडरथल डीएनए के रहस्यों को उजागर किया, जिससे हमें यह समझने में सहायता मिली कि मनुष्य को क्या अद्वितीय बनाता है।

निएंडरथल डीएनए का ज्ञान हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिसमें गंभीर कोविड–19 जैसे रोगों के प्रति हमारी प्रतिरोध क्षमताओं का क्षीण पड़ जाना भी सम्मिलित है। इस शोध के साथ ही प्रारंभ हो गया है पैलियोजेनॉमिक्स का भयंकर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र। कई निएंडरथल और डेनिसोवन्स के जीनोम उपलब्ध होने के साथ, अब विशिष्ट मानव जीन की पहचान करना संभव है।

पाबो के नेतृत्व में विकसित तकनीकों ने शोधकर्ताओं को आधुनिक मनुष्यों और अन्य होमिनिन–डेनिसोवन्स के साथ–साथ निएंडरथल के जीनोम की तुलना करने का आधार दिया। लीपजिग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, 'जैसे आप अतीत के बारे में पता लगाने के लिए पुरातात्विक खुदाई करते हैं, वैसे ही हम मानव जीनोम में खुदाई करते हैं।'

यह स्पष्ट नहीं है कि निएंडरथल के अस्तित्व की लड़ी आधुनिक मनुष्यों की लड़ी से कब अलग हुई। अनेक अध्ययनों ने 3,15,000 से लेकर 8,00,000 साल पहले के विभिन्न अंतरालों के अनुमान लगाए हैं। निएंडरथल के अपने पूर्वज एच. हीडलबर्गेंसिस से विचलन की तिथि भी स्पष्ट नहीं है। सबसे पुरानी संभावित निएंडरथल हड्डियां 4,30,000 साल पहले की हैं, लेकिन वर्गीकरण अनिश्चित बना हुआ है।

निएंडरथल कई जीवाश्मों से जाना जाता है, विशेष रूप से 1,30,000 साल पहले के बाद से निएंडरथल वर्तमान जर्मनी में निएंडर घाटी में 1856 में पाया गया था। 20वीं शताब्दी की शुरुआत में, यूरोपीय शोधकर्ताओं ने निएंडरथल को आदिम, मूर्ख और क्रूर के रूप में चित्रित किया। यद्यपि वैज्ञानिक समुदाय में तब से उनके बारे में ज्ञान और धारणा स्पष्ट रूप से बदल गई है। लोकप्रिय संस्कृति में अविकसित गुफाओं की छवि प्रचलित है।

क्या केवल डीएनए की समझ से हम प्रजातियों के बीच संबंधों को पूरी तरह से समझने में सक्षम हैं? जीवन की संहिता को समझना है, तो उसे डीएनए के अध्ययन से समझा जा सकता है। परंतु चुनौती यह थी कि निएंडरथल और आधुनिक मानव प्रजाति लगभग 3,15,000 से 8,00,000 वर्ष पूर्व एक प्रजाति के रूप में अलग हो गए थे। इतने युगों के अंतराल में दोनों प्रजातियों के संबंधों (अथवा, अंतर्संबंधों) को कैसे उजागर किया जा सकता है।

लेकिन पाबो और उनकी टीम ने अपनी तकनीकों से इस चुनौती पर पार पा लिया। पाबो को डीएनए का विश्लेषण करने के तरीके विकसित करने थे, जो प्रकृति में अनेक तत्वों के संपर्क के हजारों वर्षों से क्षतिग्रस्त हो गए थे, और सूक्ष्म जीवों और आधुनिक मनुष्यों के अनुक्रमों से दूषित हो गए थे। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने फिर इन तकनीकों को निएंडरथल जीनोम के अनुक्रम में काम करने के लिए रखा।

इस आनुवंशिक विश्लेषण से यह पता चला कि निएंडरथल और होमो सेपियंस ने इंटरब्रीडिंग की, और यूरोपीय या आधुनिक मनुष्यों के जीनोम का एक से चार प्रतिशत एशियाई मूल का निएंडरथल में पता लगाया जा सकता है। 2008 में दक्षिणी साइबेरियाई गुफा में पाई गई 40,000 साल पुरानी उंगली की हड्डी की उत्पत्ति की पहचान करने के लिए पाबो की तकनीकों का भी इस्तेमाल किया गया था।

हड्डी से पृथक डीएनए ने संकेत दिया कि यह न तो निएंडरथल और न ही होमो सेपियंस से था, बल्कि एक व्यक्ति से आया था। होमिनिन्स का एक नया समूह, जिस गुफा में हड्डी मिली थी, उसके नाम पर इस समूह का नाम डेनिसोवन्स रखा गया। एशिया में रहने वाले प्राचीन मानव भी इस समूह के साथ जुड़े हुए थे, और डेनिसोवन डीएनए आज जीवित अरबों लोगों के जीनोम में पाया जा सकता है।

नोबेल समिति के अध्यक्ष अन्ना वेडेल ने कहा, 'पाबो और उनकी टीम ने भी आश्चर्यजनक रूप से पाया कि निएंडरथल से होमो सेपियंस तक जीन प्रवाह हुआ था, यह दर्शाता है कि सह–अस्तित्व की अवधि के दौरान उनके साथ बच्चे थे।' होमिनिन प्रजातियों के बीच जीन का यह स्थानांतरण इस बात को प्रभावित करता है कि आधुनिक मनुष्यों की प्रतिरक्षा प्रणाली कोरोना वायरस जैसे संक्रमणों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करती है।

अफ्रीका के बाहर के लोगों में एक से दो प्रतिशत निएंडरथल जीन होते हैं। निएंडरथल कभी अफ्रीका में नहीं थे, इसलिए उप–सहारा अफ्रीका में लोगों के लिए कोई प्रत्यक्ष योगदान ज्ञात नहीं है। निएंडरथल जीनोम अनुक्रम पर पाबो के साथ काम कर चुके हार्वर्ड में जनसंख्या आनुवंशिकीविद डेविड रीच का कहना है, 'पाबो की नोबेल जीत इस क्षेत्र के परिपक्व होने की एक असाधारण मान्यता मान्यता है और उन्होंने इस चमत्कार को पूरा करने के लिए मानव अवशेषों से प्राचीन डीएनए प्राप्त कर जो कुछ भी करने की आवश्यकता थी वह किया है।'

वर्ष 2022 के नोबेल पुरस्कार का केंद्रीय विषय आधुनिक मानव को पुनर्परिभाषित करने का एक सुप्रयास है। हमारी अर्वाचीन दुनिया में डीएनए ही यथार्थपूर्ण सामाजिक संबंधों का सेतु हो सकता है। हमारे अंदर हमारे उद्गम के उभयनिष्ठ स्रोतों का भान होगा तो समाजों में एकात्मकता के भाव जागेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाकियू अवध की किसान पंचायत का धरना प्रदर्शन

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) किसान नेता राहुल मिश्रा ने बताया कि आवारा गौवंश के परेशान किसान ,आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में हुई जमाधन राशि का गवन , और बैंक कर्मियों द्वारा किसानो से बदसलूकी ,जर्जर सड़को ,राशन वितरण में घटातौली , गांवों में साफ सफाई ,सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने ,चकबंदी समस्या, सहित 19 सूत्रीय मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन अवध संगठन के द्वारा 6 अक्तूबर को पंडरवा में लगने बाली किसान महा पंचायत को बारिश होने के कारण धरना प्रदर्शन में तब्दील कर किसानो को मौसम साफ होने पर महापंचायत के लिए बुलाया गया है। धरना प्रदर्शन स्थल पर सुबह से बारिश के मौसम में सैकड़ो किसान मौजूद रहे। जिनमे मुंशी सिंह ,विक्रम सिंह कृष्णपाल , हसीब ,सरताज ,इमरान ,राशिद खान ,धनपाल ,लालाराम ,अमीरूल हसन,राजीबुल्ला , समशद्दीन,प्रमोद शुक्ला , टिंकू श्रावस्त्व ,अनिल , वाशिम खान ब्लाक सचिव ,मुकीम खान ग्राम अध्यक्ष ,रफ्फन खान ,मोइन खान ,तंजीम खान , व कुरसंडा ,रामपुर , लहतारा, नरधिरा, दहेलिया, राभा, कोटरा, सहित दर्जनों गांवों से किसान धरना प्रदर्शन में पहुंचे।

## बुराई पर अच्छाई की जीत : जले लाखों रावण –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने आज बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे का पर्व पर सभी जनमानस को बधाई दी और कहा कि रामायण के समय को देखते हुए किस प्रकार प्रभु श्री राम ने सीता माता की रक्षा करने के लिए महाशक्तिशाली विद्वान रावण का वध जंगल में रहने वाले बंदरों, चिंपांजीओ के साथ मिलकर किया प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी किस प्रकार वानर सेना के साथ शक्तिशाली लंका पर हमला किया वा एक से बढ़कर एक सभी ने अपने पराक्रम दिखाएं चाहे वह श्री अंगद हो किस प्रकार रावण के दरबार में अपने पैर को प्रभु श्रीराम के पराक्रम से धरती पर जमा दिया किसी बलशाली की हिम्मत नहीं हुई उसे उठाने की अंत में जब रावण आए अंगद ने पैर हटा लिया और कहा कि पैर छूने हैं तो हमारे प्रभु श्री राम के छुओ जो तुम्हें जमा कर देंगे हनुमान जी ने तो हद कर दी लंका को जलाना रावण द्वारा बंदरों को अपनी पूंछ बहुत प्यारी होती है जिसमें आग लगवा दी इसका परिणाम पूरी लंका को को जल कर देना पड़ा पैंथर सुप्रीमो स्वर्गीय प्रोफेसर भीम सिंह जी के दिखाए हुए मार्ग पर कुछ वर्ष पहले हमने भी जंतर – मंतर पर प्रशासन से लोहा लेकर बहुत मुश्किल से रावण रूपी पुतला जलाया जिसमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद, वंशवाद ,दुराचार, जातिवाद, संप्रदायिकता, भूख ,गरीबी महंगाई, व्यभिचार, अनाचार, हिंसा ,काला धन का विशाल पुतला जलाया जिसमें बम नहीं थे पुलिस कर्मियों से काफी जद्दोजहद के बाद पुतला जलाया गया माननीय डीसीपी साहब के निर्देश से क्योंकि उन्हें इसकी जानकारी हमने पहले ही तकरीबन 25 दिन पहले दे दी थी आज हम सबको पुणे प्रण लेना चाहिए कि अपने दिलो दिमाग से जो गलत विचार है उसे त्याग देना चाहिए आज महिला ,बच्चियां सुरक्षित नहीं है यह कमी किसकी है हमारी और आपकी आज नशा किस कदर बढ़ रहा है चंद पैसे के लालच में नशा बेचने वाले भारत की जनता को बर्बाद कर रहे हैं उन्हें यह मालूम नहीं है यह नशे की लत उनके परिवार के किसी सदस्य को भी लग सकती है वा उनके परिवार की लड़की ,बेटी ,बहू भी सुरक्षित नहीं रह सकती हम सबको यह सोच बदलनी चाहिए यही आज हम सबको प्रण लेना चाहिए अभीवक्ता जयमाला जी ने कहां की प्रो भीम सिंह जी कहते थे




किस प्रकार प्रभु श्री राम ने सीता हरण के बाद जंगल में रहने वाले जानवरों को तैयार कर शक्तिशाली रावण को हराया चाहते तो अयोध्या से सेना भी बुला सकते थे मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया आप भी सब मिलकर जनहित के लिए राष्ट्र हित के लिए रावण रूपी गलत भावनाओं को अपने मन से त्याग दें जय हिंद जय भारत।

## हादसे का मुख्य आरोपी राजू निषाद गिरफ्तार : पीकर चला रहा था ट्रैक्टर

कानपुर ब्यूरो : कानपुर में साढ़–भीतरगांव मार्ग पर हुए हादसे में 26 लोगों की मौत के मामले में मुख्य आरोपी राजू निषाद को गिरफ्तार कर लिया गया था। शनिवार को हुए हादसे में 26 लोगों की मौत हुई थी। ट्रैक्टर खुद राजू चला रहा था और वह नशे में था। कोरथा गांव से चार किमी पहले ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई थी। पुलिस ने घायल प्रीति की तहरीर पर राजू निषाद, ट्रैक्टर मालिक प्रहलाद, रामशंकर व बाने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने टीमें बनाकर मुख्य आरोपी राजू निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि कानपुर में घाटमपुर क्षेत्र के भीतरगांव में बड़ा हादसा हो गया है। भीतरगांव के भदेउना गांव के पास श्रद्धालुओं से भरा ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पानी में खोजी गईं थीं लाशें हादसे के बाद सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। करीब दस थानों का फोर्स भी पहुंचा। तमाम लोग राहत बचाव कार्य में जुट गए। किसी तरह से ट्रॉली हटाकर शव को पानी से निकाला गया। लोग कई घंटे तक लाशें खोजते रहे। 8 बच्चे, 5 किशोरियां, 13 महिलाएं अब तक 26 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी



है। जिसमें 8 बच्चे, पांच किशोरियां व 13 महिलाएं शामिल हैं। मृतक महिलाओं में दो वृद्धा भी हैं। इस वजह से हुआ हादसा पुलिस की जांच में सामने आया कि गांव निवासी प्रहलाद का ट्रैक्टर था। वापस आते समय खुद राजू ट्रैक्टर चला रहा था। राजू समेत अन्य सभी युवकों ने शराब पी रखी थी। राजू लहराते हुए तेज रफ्तार में ट्रैक्टर दौड़ा रहा था। अचानक से ट्रैक्टर अनियंत्रित हुआ तो वह काबू नहीं कर सका। करीब तीस मीटर दूर जाकर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली खंती में जा गिरी।

## प्रारंभिक पात्रता परीक्षा के लिए छात्राओं के परीक्षा केंद्र 200 किमी दूर भेजने पर नाराजगी

लखनऊ ब्यूरो : प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) में विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं के सेंटर काफी दूर भेजे जाने पर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की राज्य कमेटी ने नाराजगी जताई है। एसएफआई पदाधिकारियों ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 15 अक्तूबर को होने वाली प्रारंभिक पात्रता परीक्षा में अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र उनके जिलों में न देकर 100 से 200 किमी दूर अन्य जिलों में दे दिया गया है। इससे उनको काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। इसे लेकर न सिर्फ विद्यार्थी बल्कि उनके अभिभावक भी काफी परेशान हैं। पीईटी में लगभग 30 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे ज्ञापन में एसएफआई के प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने सरकार से मांग की है कि छात्राओं का परीक्षा केंद्र उनके गृह जनपद में ही किया जाए। वहीं परीक्षा के एक दिन पहले, उस दिन और एक दिन बाद अतिरिक्त बसें चलाई जाएं। प्रवेश पत्र के आधार पर सरकारी वाहनों में अभ्यर्थियों का किराया निःशुल्क किया जाए।




संगठन के प्रदेश संयुक्त सचिव राजीव तिवारी ने कहा कि पिछले साल ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा में करीब 14 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। उनको भी परीक्षा के दौरान काफी दिक्कतें हुई थीं। इसके मद्देनजर छात्राओं का परीक्षा सेंटर उनके गृह केंद्र में देना जरूरी है।

## श्रद्धेय अटल जी की समाधि पर भरत कुंड की मिट्टी पर जलाये दीपः मानस पुत्र अटल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी पूर्व प्रधान मंत्री के मानस पुत्र संजीव द्विवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल जनशक्ति पार्टी ने किन्नरो द्वारा भेंट की गयी भरत कुंड की पावन मिटटी पर अटल जी की समाधि विजय घाट दिल्ली मे सैकड़ो समाज सेवियो एवं पार्टी पदाधिकारियो के साथ मंदिर निर्माण का तीन दीपक जलाकर राष्ट्रीय काव्य दृष्टि अटल भी अटल जी की समाधि को समर्पित की। पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश त्रिवेदी, उत्तर प्रदेश सचिव मदन मोहन शर्मा, पिछड़ा वर्ग उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर कुशवाहा, दिल्ली विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुशील तिवारी एडवोकेट सुप्रिम कोर्ट विनीत मिश्रा एडवोकेट दिल्ली है कोर्ट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रावेद्र कुमार गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मस्त घिरी जी महराज मेरठ से समाज सेवी मंजू शर्मा चेल्सी कटारिया गुड्डी राना



विमलेश कुमारी बी के मिश्रा वरिष्ठ समाज सेवी दिल्ली मनोज मिश्र एडवोकेट हाई कोर्ट दिल्ली आदि ने मिलकर बंधुत्वेश्वरम मन्दिर निर्माण का दीप जलाए। अटल बिहारी बाजपेई पर लिखा राष्ट्री काव्य दृष्टि अटल समर्पित की जो मानस पुत्र ने 14 वर्षो मे लिखा।

## मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य को लेकर पार्टी कार्यकर्ता चिंतित : शीघ्र स्वस्थ होने के लिए कर रहे ईश्वर से प्रार्थना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं भारत के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के लगातार गिरते स्वास्थ्य को लेकर पार्टी कार्यकर्ता चिंतित हैं। मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य में सुधार और दीर्घ जीवन के लिए कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के जल्द स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। समाजवादी पार्टी के नेता योगेन्द्र यादव ने बताया कि शाहाबाद, संडीला,सवायजपुर,हरदोई सदर एवं बिलग्राम क्षेत्र में सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में अपने नेता मुलायम सिंह को लेकर बड़ी चिंता है।सभी सपा के राष्ट्रीय संरक्षक ,पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री के



स्वस्थ होने के लिए रोजाना परमेश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

## आईडी हैक कर डिलीट किए लाखों के चालानः यूपी–उत्तराखंड के 53 जिलों में फैला नेटवर्क : एक साल में 15 लाख का चूना

मुरादाबाद ब्यूरो : मुरादाबाद में जन सुविधा केंद्र संचालक ने यातायात पुलिस और न्यायालय की आईडी हैक कर ली। उसने ई चालान की धनराशि कम और डिलीट करके सरकार का लाखों रुपये का राजस्व नुकसान पहुंचा दिया। पुलिस ने जन सुविधा संचालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस गिरोह में शामिल तीन आरोपी फरार हैं। इसमें एक आरोपी अभि कुमार लाल मिश्रा उर्फ आर्य कुमार मिश्रा अयोध्या में आरटीओ कार्यालय में क्लर्क (संविदा) और दूसरा आरोपी दीपक राज कानपुर कचहरी में क्लर्क (संविदा) बताया जा रहा है। गिरोह का सरगना शाने आलम पहले अपने भाई की नल–पंप की दुकान पर काम करता था। यहां से ही उसने लोगों के ई चालान जमा करने का काम शुरू किया था। इसके बाद वह मैनाठेर के असदपुर निवासी जावेद के संपर्क में आया। तब दोनों ने आरटीओ कार्यालय के पास जन सुविधा केंद्र खोल लिया और ई चालान जमा करने लगे। आरोपी मुरादाबाद निवासी लोगों के दूसरे जनपदों में भी जाकर ई चालान जमा करते थे। शाने आलम एक दिन कुशीनगर ई चालान जमा करने गया था। वहां आरोपी के सामने ही कर्मचारी ने धीरे धीरे आईडी खोली थी। तब उसने पूरी प्रक्रिया समझ ली थी। वहां से लौटने के बाद आरोपी ने वो ही आईडी अपने कंप्यूटर पर खोलकर देखी। जिसमें वह सफल हो गया था। इसके बाद उसने ई चालान की धनराशि कम या डिलीट करना शुरू कर दी थी। आरोपी लोगों से पूरी रकम लेते थे। मुरादाबाद के अलावा यूपी और उत्तराखंड के 53 जिलों में अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया था। आरोपियों ने न्यायालयों की आईडी भी हैक कर ली थी। ओटीपी प्रक्रिया शुरू हुई तो लगा दिया था अपना नंबर पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पहले लॉगिन करने के लिए पासवर्ड भरा जाता था। इसके बाद पुलिस विभाग की ओर से ई चालान की धनराशि जमा करने पर ओटीपी का प्रावधान कर सुरक्षा प्रक्रिया का समावेश किया गया। तब आरोपी शाने आलम ने अपना मोबाइल नंबर मुरादाबाद यातायात पुलिस की आईडी के साथ लगा दिया था। तब आईडी खोलने पर उसके पास भी ओटीपी आने लगा



था। आरोपी पूरी साइट को खोलने में सफल रहता था। एक साल से चल रह था खेल, पुलिस को भनक तक नहीं आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह पिछले एक साल से ई चालान की धन राशि कम और डिलीट कर रहे थे लेकिन पुलिस और संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगी। आरोपी शाने आलम ने ये भी पुलिस को बताया कि वह अब तक पंद्रह लाख रुपये का राजस्व नुकसान कर चुका है। हालांकि ये धनराशि इससे भी ज्यादा हो सकती है। आरोपी ने डिलीट कर दिया कंप्यूटर का डाटा पकड़े गए आरोपी शाने आलम और जावेद ने अपने कंप्यूटर का डाटा डिलीट कर दिया है। पुलिस ने कंप्यूटर और लैपटॉप को कब्जे में ले लिया। जिसका डाटा रिकवर कराने के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। जिससे पता चलेगा कि अब तक उसने कितने लोगों के ई चालान की धनराशि कम की थी। इस गिरोह में कहां कहां के लोग शामिल हैं। लखनऊ से मांगी गई थी रिपोर्ट मुरादाबाद यातायात पुलिस में तैनात कांस्टेबल अंकित कुमार ने मझोला थाने में आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 और आईटी एक्ट 66 डी व 72 में दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया कि पुलिस से संबंधित ई चालानों का पर्यवेक्षण किया जाता है। अगस्त 2022 की मासिक रिपोर्ट डाउन करने पर पाया गया कि चालान से संबंधित प्रचलित आईडी में सेंधा लगाकर समांतर मेल आईडी बनाकर ई चालान की धनराशि कम और डिलीट की है। साइबर सेल से एनआईसी मुख्यालय लखनऊ से रिपोर्ट मांगी गई। जिससे पता चला कि आईडी में लगाया गया नंबर शाने आलम का है।

## लखनऊ में आठ को जुटेंगे प्रदेश भर के चिकित्सक : मुख्यमंत्री व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भी होंगे शामिल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में आठ अक्तूबर को प्रदेश भर के सात सौ से अधिक चिकित्सक जुटेंगे। इस दौरान चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नए बदलाव और मरीजों को राहत देने के लिए अपनाई जा रही रणनीति पर मंथन होगा। कानपुर रोड स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल परिसर में आठ और नौ अक्तूबर होने वाले आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न प्रदेशों में अपनाई जा रही चिकित्सा मॉडल पर भी चर्चा होगी। आरोग्य भारती अवध प्रांत के प्रांतीय सचिव डॉ. इंद्रेश कुमार ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश पंडित करेंगे। वहीं आरोग्य भारती के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सह संयोजक डॉ. संग्राम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर काम करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञों की मौजूदगी में चिकित्सा के साथ ही संगठनात्मक ढांचे पर भी चर्चा होगी। संगठन के वर्तमान कार्यों की समीक्षा की जाएगी। अगले वर्ष किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा होगी।

# थाना लाइन बाजार पुलिस ने धारा 376(ठ) भादवि से संबंधित 01 अभियुक्त किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक थाना लाइनबाजार जौनपुर के नेतृत्व में, उ0नि0 वरिष्ठ उ0नि0 राम सरीख गौतम मय हमराह का0 बृजेश कुमार के रवाना होकर पेंडिग विवेचना देखभाल क्षेत्र में मामूर था कि जरिये मुखबीर सूचना मिली कि साहब आपके मु0अ0सं0 412/22 का अभियुक्त सीटी स्टेशन पर है, जो ट्रेन पकङ कर कही भागने के फिराक में है अगर जल्दी किया जाये तो पकङा जा सकता है । कि हम पुलिस बल मय मुखबीर के सीटी स्टेशन पर पहुचे तो मुखबिर ने दूर से ही इशारा करके भलाई–बुराई का ध्यान रखते हुये हट बढ गया कि हम पुलिस वाले उक्त व्यक्ति को पकङ कर नाम पता पुछा तो अपना नाम श्याम सुन्दर बिन्द उर्फ भगेलू पुत्र सतीराम बिन्द निवासी रंजीतपुर (मदारपुर) थाना लाइन



बाजार जौनपुर बताया। पूर्ण विश्वास हो जाने पर उसे पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.श्याम सुन्दर बिन्द उर्फ भगेलू पुत्र सतीराम बिन्द निवासी रंजीतपुर (मदारपुर) थाना लाइन बाजार जौनपुर उम्र 23 वर्ष आपराधिक इतिहास – 1.मु0अ0सं0 412/22 धारा 376(ठ) भादवि थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.व0उ0नि0 राम सरीख गौतम थाना लाइनबाजार, जौनपुर । 2. का0 बृजेश कुमार थाना लाइनबाजार जौनपुर।

## अनैतिक दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : आजमगढ़ जनपद के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के दिशा निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बिलरियागंज थाना की पुलिस टीमें अनैतिक दुष्कर्म के मामले में मुकदमा अपराध संख्या 219 बटा 2022 धारा 377, 506, 324, भादवी से संबंधित वांछित अभियुक्त नीरज वर्मा पुत्र बृजपाल वर्मा निवासी पुरानी कोतवाली आसिफगंज थाना कोतवाली आजमगढ़ निवासी को जैगहा बाजार से गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर पुलिस ने संबंधित कानूनी कार्रवाई कर चालान



कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष बिलरियागंज विजय प्रकाश मौर्य व मय हमराही फोर्स शामिल रही।

# लायंस क्लब क्षितिज द्वारा सेवा सप्ताह मे छायादार व फलदार वृक्षों का किया गया रोपण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज द्वारा सेवा सप्ताह मे दिनांक 6 अक्टूबर 2022 को आज लायंस क्लब क्षितिज के सदस्यों के द्वारा इस नारे को ''तड़पती धूप में जलते हैं पांव , होते वृक्ष तो मिलती छाँव '' को चरितार्थ करते हुए जिला कारागार जौनपुर में नीम ,मौलश्री अमरूद अन्जीर ,आवला आदि के छायादार व फलदार वृक्षों का रोपण किया गया तथा पुराने वृक्षों की देखभाल की गई ।इस अवसर पर जिला कारागार के जेलर कुलदीप सिंह जी ने कहा हमे अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिये और वायुमंडल में फैले प्रदूषण को कम करें जिससे हमें सांस लेने के लिए शुध्द वायु मिल सके। लायंस क्लब क्षितीज के अध्यक्ष विष्णु सहाय ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में कहा कि हमें संकल्प लेना है कि हम धरती की हरियाली को बढ़ाएंगे । इस सेवा कार्य मे कोषाध्यक्ष अजीत



सोनकर, प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह , सुनील कनौजिया , सर्वेश जायसवाल ,संजय जयसवाल , राजेश किशोर आदि लोगों ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया। अंत में से सचिव देव आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर कोतवाली थाना अन्तर्गत नगर के जहांगीराबाद मोहल्ला स्थित दूध मंडी परिसर में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर , डॉ संजय कुमार सिंह द्वारा वर्तमान समय में हो रहे साइबर क्राइम से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरुक किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्र0नि0 कोतवाली , साइबर सेल जौनपुर के का0 ओपी जायसवाल व क्षेत्र की सम्मानित जनता, युवक व कामगार/व्यापारी आदि मौजूद रहें।




# महिलाओं ने मनमोहक डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर मोहा मन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर के मोहल्ला पुरानी सब्जी मंडी में स्थित शिव मंदिर पर स्थापित नवयुवक बाल दुर्गा पूजा समिति की तरफ से मंगलवार देर शाम को डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों,महिलाओं व युवतियों ने मनमोहक डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहलिया। डांडिया नृत्य के मध्यम से राजस्थानी व अन्य प्रदेशों की संस्कृति को प्रस्तुत किया। जिसमें स्थानीय लोगों ने डांडिया नृत्य में शामिल हो कर खूब आनंद उठाया। बच्चों द्वारा मनोहारी प्रस्तुतीकरण को दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप कुमार गुप्त, रूपेश कुमार,पवन देव,वीशू, श्रेयम कुमार गुप्त,बीरू गुप्त,राम किशान साहू,मोहित,रोहित,अन्नू साहू, उमाकांत केसरी, गुडडू भोज्यवाल, लल्ला विश्वकार्मा व रिंकू ने सहयोग किया।

# दुर्गाबाड़ी में खेला सिंदूर : प्रतिमा का किया विसर्जन

अलीगढ़ ब्यूरो : मैरिस रोड स्थित दुर्गाबाड़ी में बुधवार को सम्मीलनी में महादशमी पूजा का आयोजन हुआ। मां अंबे की महाआरती में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। माता रानी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। दर्पण विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजन महोत्सव का समापन हो गया। दर्पण विसर्जन के पीछे मान्यता है कि देवी मां दुर्गा अपने ससुराल चली जाती हैं, फिर एक साल बाद दोबारा मायके आती हैं। इसी के साथ सुहागिन महिलाओं ने मां का वरण किया और सिंदूर खेलने की परंपरा का निर्वहन किया। महिलाओं ने मां को मिठाई एवं पान खिला कर उनकी शुभ यात्रा की कामना की। परिवार की सुख–समृद्धि, शांति और सौभाग्य की प्रार्थना की। कार्यक्रम में दीपा बंगवास, सोमा चटर्जी, नीतू, कविता, जयश्री, नवनीता, सपना शुभ्रा, मीनाक्षी ,यामिनी, मौसमी, रीया, रीतू आदि का सहयोग रहा। शाम को महाआरती के बाद मां की प्रतिमा का हरदुआगंज की नहर में विसर्जन हुआ। दुर्गाबाड़ी से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तगणों ने नृत्य किया। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसके



बाद शांति जल प्रदान किया गया। इस मौके पर सचिव जगदीश भट्टाचार्य, अध्यक्ष चंदन चटर्जी, कोषाध्यक्ष भोलानाथ अधिकारी, भोग अध्यक्ष बाबू मुखर्जी , मोहर सिंह , तापस दत्ता अशोक चक्रवर्ती , बाबू मोइत्रा, डॉ एसएस, अशोक विश्वास ,संजय मुखर्जी, शुभा बनर्जी ,बनिता दास गुप्ता, डॉ प्रभात दास गुप्ता, तापस बनर्जी, शुभ्रा अधिकारी, आशु सर्खल, अंजू चटर्जी कविता राय, बिना दास, संध्या साहू मिहिर राय, सुबिर राय आदि थे।

# प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाते समय कुकर फटने से रसोइया समेत तीन झुलसे

सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले के थाना रामकोट इलाके में स्थित प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाते समय कुकर फटने से रसोईया सहित तीन लोग झुलस गए। घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसे में दो लोगों की



हालत गंभीर बताई जा रही है जिनका इलाज जारी है। रामकोट थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर में सुबह बच्चों के लिए खाना बनाया जा रहा था। अचानक भट्टी पर रखा कुकर अधिक दबाव होने के कारण फट गया। जिसकी चपेट में आने से रसोईया समेत तीन लोग झुलस गए। झुलसने वालों में रसोईया जगन्नाथ (50), पुष्पा देवी (45) व चन्द्राणी (50) शामिल हैं। हादसे के बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया। आनन–फानन अन्य स्टाफ ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर डीसी एमडीएम ब्रजमोहन सिंह भी पहुंचे है फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सीटी लगने से फट गया सिर बताया जा रहा है कि कुकर का प्रेशर इतना अधिक था कि फटने के बाद उसकी सीटी मात्र लग जाने से रसोइए का सिर बुरी तरह से फट गया। उसका इलाज किया जा रहा है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान 21वर्षीय युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के पिलकथुआ गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। माता–पिता के सामने हुये इस घटना से गाँव में कोहराम मच गया हैं।देखते ही देखते मां का लाडला पुत्र तालाब के अंदर समा गया मौके पर मौजूद मां और पिता चिल्लाते रहे लेकिन सैकड़ों के बीच उसे कोई बचा नहीं पाया। एक युवक बचाने के लिए तालाब में उतरा था लेकिन वह भी कामयाब नहीं हो सका।डूबे युवक की तलाश तालाब पर पहुंचे गोताखोर कर रहे हैं। पिलकथुआ गांव के निवासी संग्राम गौतम अपने घर में मां दुर्गा के मूर्ति की स्थापना किये थे। जिनको 9 दिन पूजा पाठ करने के बाद बुधवार की सुबह 10 बजे गांव के ही एक तालाब पर विसर्जन करने के लिए पहुंचे। संग्राम गौतम के साथ उनकी पत्नी सरोजा देवी और उनका 21 वर्ष का बेटा विनय गौतम साथ में ही आया था। मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जित करने के बाद सभी घर की तरफ चले तो विनय गौतम ने अपनी माता से बोला कि हम तालाब में नहाकर तब चलते हैं जिसके बाद पिता संग्राम गौतम और माता सरोजा देवी तालाब के किनारे बैठ गए। उनका बेटा विनय गौतम 11.30 बजे नहाने के लिए तालाब में उतरा और उसका पैर फिसल गया। जिसके बाद वह गहरे पानी में चला गया।जब युवक तालाब में डूबने लगा तो उसकी माता और पिता बचाने के लिए चिल्लाने लगे तो तालाब पर विसर्जन के लिए आए लोगों में खलबली मच गई।लेकिन कोई भी तालाब के गहरे पानी में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।कुछ समय बाद गांव का ही एक युवक नरेंद्र कुमार तालाब में कूद पड़ा जब तक वह दूसरे युवक के पास पहुंचता युवक पूरी तरह पानी के अंदर लापता हो चुका था।युवक ने काफी प्रयास किया लेकिन गहरा पानी होने के कारण अंदर नहीं जा सका।बाहर आने के बाद किसी ने सूचना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को दी, मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने फायर बिग्रेड को सूचना दिया। उसके बाद क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं अशोक कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं श्रीमती अर्चना ओझा को सूचित किया।थोड़ी देर में ही एसडीएम, सीओ फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों के माध्यम से डूबे युवक की तलाश शुरू कर दिया गया।लेकिन लगभग 4बजे तक डूबे युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है।सभी प्रशासनिक अमला तालाब के किनारे सैकड़ों ग्राम वासियों के साथ बैठे हुए है।तालाब के किनारे बैठे डूबे युवक की माता सरोजा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा हैं।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 02 अक्टूबर 2022 से 30 जनवरी 2023 के मध्य जीपीडीपी तैयार किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 02 अक्टूबर 2022 से 30 जनवरी 2023 के मध्य ग्राम पंचायत विकास योजना/वार्षिक कार्य योजना, जीपीडीपी तैयार किए जाने के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 02 अक्तूबर 2022 से 31 जनवरी, 2023 के मध्य जन योजना अभियान का आयोजन किया जाना है जिसमें वित्तीय वर्ष 2023–24 की नियोजन प्रकिया प्रारम्भ करते हुए पंचायतों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के दृष्टिगत वार्षिक कार्ययोजना ग्राम/क्षेत्र/जिला पंचायतों द्वारा तैयार की जानी है। जिसे ग्राम सभा/क्षेत्र पंचायत समिति/जिला पंचायत समिति से अनुमोदन के पश्चात् ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। संविधान की ग्यारहवें अनुसूची में सूचीबद्ध 29 विषयों से जुड़े कार्यों का नियोजन और क्रियान्वयन में प्रभावशाली भूमिका निभाना पंचायतों की जिम्मेदारी है। सतत् विकास लक्ष्यों के उद्देश्य इन्हीं विषयों के दायरे में आते है। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों को निम्नलिखित 09 विषयों के प्राप्त करने हेतु विषयगत दृष्टिकोण अपनाया गया है। गरीबी मुफ्त आजीविका उन्नत गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जलयुक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव विषयों में से ग्राम क्षेत्र जिला पंचायतों द्वारा चयनित न्यूनतम एक तथा अधिकतम 3 विषयों संबंधी गतिविधियों को संबोधित करते हुए परियोजना का निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 2 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2022 तक वार्षिक कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु 1 ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा की दो बैठकों का अनिवार्य रूप से आयोजन कर ले। ग्राम सभा की प्रथम बैठक में गत वर्ष के मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों का विवरण दिया जाना आवश्यकताओ का निर्धारण चिन्हीकरण कर ले। ग्राम पंचायतों द्वारा उपलब्ध संसाधन तथा गत वर्ष के मिशन अंत्योदय के सूचकांक के अनुसार आवश्यकताओं को सम्मिलित करते हुए ड्राफ्ट कार्य योजना तैयार कर एवं उसका ग्राम सभा की बैठक में अनुमोदन कराया जाए। ग्राम सभा की जिओ टैग फोटो अपलोड किया जाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पंचायत पुरस्कार वर्ष–2023 के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार, नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार के संबंध में चर्चा की बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया कि सतत विकास लक्ष्यों के स्थायीकरण (एलएसडीजी) के अंतर्गत 9 थीम/विषय है, जिसमें गरीबी मुक्त एवं बेहतर आजीविका वाली पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल मैत्री पंचायत, पर्याप्त जलयुक्त वाली पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे युक्त पंचायत, न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासित पंचायत, महिला हितैषी पंचायत विषय थीम के माध्यम से एसडीजी गोल की प्राप्ति में पंचायती राज संस्थाओं के प्रदर्शन का आंकलन किया जायेगा। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार के अंतर्गत ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, विशेष पुरस्कार के अंतर्गत ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरस्कार, कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार, नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार, पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्था पुरस्कार, विशेष प्रतिभागिता पुरस्कार, दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार की अंतर्गत विकासखंड स्तर पर, जनपद स्तर पर, राज्य स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर पंचायती राज व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य/अनुकरणीय प्रदर्शन/समर्पण करने वाले प्रधान/पंचायत प्रतिनिधि व अन्य किसी व्यक्ति को राज्य द्वारा पद्म पुरस्कार हेतु पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार को अग्रसारित किया जायेगा। विकास खण्ड स्तरीय पुरस्कार के अन्तर्गत ब्लॉक पंचायत परफारमेंस असेसमेन्ट कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष खंड विकास अधिकारी को नामित किया गया। सदस्य खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी, अवर अभियंता (आरईडी/लघु सिंचाई/लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत, सहायक विकास अधिकारी, (समाज कल्याण) ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल एवं सदस्य सचिव सहायक विकास अधिकारी पंचायत को नामित किया गया। जनपद पंचायत परफारमेंस असेसमेन्ट कमेटी के अंतर्गत जिला पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया की नियमित बैठक कराते हुए सूचित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी. बी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# हर घर नल जल योजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हर घर नल जल योजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन तहसीलों में जमीन मिलने में समस्या है वहाँ के उपजिलाधिकारी से समन्वय कर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि 10 अक्टूबर 2020 तक शत–प्रतिशत डीपीआर का कार्य पूर्ण कराये। जिलाधिकारी ने कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये कि मैनपावर बढ़ाकर प्रतिदिन 500 कनेक्शन दे अन्यथा मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा की रोड को पुनर्निर्माण समय से कराए। जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में कहा कि अधिशासी अभियंता जल निगम कार्य में प्रगति लाएं अन्यथा की दशा में जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी. बी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# प्रधानों की लंबित जांचों के संबंध में जांच अधिकारियों संग बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रधानों की लंबित जांचों के संबंध कलेक्ट्रेट सभागार में जांच अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों के द्वारा की गई जांचों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जितनी भी जांचें दी गई हैं शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि ऐसे अधिकारी अधिकारी जिन्होंने अभी तक एक भी जांच नही की है उनका आज का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक को कार्यशैली में सुधार लाने के लिए कहा। पीडब्ल्यूडी, आबकारी अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, एम.ए. जिला पंचायत का वेतन रोकने के निर्देश दिया। उन्होंने अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जितनी भी जांच कर दी गई है जल्द से जल्द पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए किसी भी प्रकार की शिकायत न आने पाए। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# देर शाम तक चलता रहा मूर्ति विसर्जन : महिलाओं ने अश्रुपूरित आंखों से दी माता रानी को विदाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र में बासंतिक नवरात्र में दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमाओं का देर शाम तक विसर्जन चलता रहा। जिन बाजारों में दशहरा का मेला था वहाँ की मूर्तियां एक दिन बाद विसर्जित हुईं। सई नदी के किनारे प्रशासन द्वारा बनाये गए विसर्जन कुण्ड में पुलिस की देख रेख में मूर्तियों को क्रम से विसर्जित किया गया। कुछ पूजा पंडालों की मूर्तियां शारदा सहायक नहर भी विसर्जित की गई। एक ओर जहाँ उत्साही युवक डीजे की धून पर नाचते गाते मूर्तियों के साथ चल रहे थे वहीं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण सोहर व पचरा सुन लोगो की आंखों में आंसू आ रहे थे। माँ के आगमन की खुशी और विदा की बेला की पीड़ा भरे गीत से माहौल गमगीन हो गया था। खपरहा, शेरवा, कलवारी, बघौरा , गुलजारगंज, दुदौली गोनापर आदि स्थानों की मूर्तियां विसर्जित की गईं।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई : कार सवार दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बाईपास पर एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। लाइन बाजार निवासी सोनू सोनकर व बेचन सोनकर किसी काम से कार से आजमगढ गए हुए थे। कार्य को निपटा कर दोनो वापस जौनपुर आ रहे थे। बुधवार की शाम साढ़े सात बजे कार सवार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के विथार गांव के पास बाई पास पर पहुँचे ही थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर होते ही आस पास के लोग मौके पर पहुचे। स्थानीय लोगों ने कार में सवार सोनू सोनकर (25) व बेचन सोनकर (27) को बाहर निकाला और दुर्घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड़ भिजवाया। सोनू सोनकर को सिर में व सीने में चोट आई है। थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

# सडक दूर्घटना में बाइक सवार एक की मौत साथी घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस बुलाकर घायल दोनों युवक को उपचार के लिए शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वही साथी घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी । प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर देहात जनपद के भुगनी थाना क्षेत्र के पिलिथनी गांव निवासी दिपक कुमार (28)पुत्र मूलचंद अपने साथी उक्त गांव निवासी अरविंद कुमार (25)पुत्र श्रवण कुमार के साथ बुधवार की दोपहर शाहगंज से बाइक से अपने घर कानपुर देहात जा रहा था। जैसे ही भेलारा समीप पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर चढ़ा। अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए शाहगंज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान दिपक को मृत घोषित कर दिया। वही साथी युवक की हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया ।कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया की दो बाइक सवार युवक घायल अवस्था में शाहगंज आए थे। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अयोध्या में मां के भक्तों ने नम आंखों से झमाझम बारिश के बीच दुर्गा प्रतिमाओं को किया विसर्जित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में भक्तों ने मां को अगले साल दोबारा का निमंत्रण के साथ विदाई दिया।मां के विसर्जन का शोभा यात्रा निकलते ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। इसके बावजूद भी भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। सुबह 11 बजे से विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया।जोग जनपद के विभिन्न घाटों पर रात आठ बजे तक प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा। सूत्र के मुताबिक जनपद में स्थापित 1745 दुर्गा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसके अलावा बस्ती गोंडा से आने वाली प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया गया।शहर के निर्मली कुंड, संत तुलसीदास घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर विसर्जन की तैयारी की गई। निर्मली कुंड में शाम आठ बजे तक 317 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।इसके अलावा अन्य घाटों पर 523 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।शहर क्षेत्र की सभी दुर्गा प्रतिमाएं जीआईसी के ग्राउंड में एकत्र की गई। जहां सब की नंबरिंग के बाद सुबह लगभग 11:00 बजे दुर्गा प्रतिमाओं की शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकलकर गुप्तार घाट के निर्मली कुंड के लिए निकली। जहां पर उनका विसर्जन किया जा रहा है। जीआईसी ग्राउंड से लेकर निर्मली कुंड तक सेक्टर व जोनल बांट





कर मजिस्ट्रेट व फोर्स की तैनाती की गई थी।शहर में निकलने वाली शोभायात्रा को सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अयोध्या कमिश्नर नवनीत रिणवा, पुलिस कमिश्नर एपी सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी प्रशांत कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह,सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

# संदिग्ध हालात में दिखे व्यक्ति व वस्तु की जीआरपी को तुरंत दे सूचना – प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रेल यात्रा के दौरान रेलयात्रियों को अंजान लोगों द्वारा दिए गए खाने पीने की चीजों को बिना जान पहचान के नहीं सेवन करना चाहिए।नही तो आप जहर खुरानी का शिकार हो सकते हैं। जिसके चलते आप रेल यात्रा के दौरान अपना सबकुछ गंवा सकते हैं।यह बातें प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैंट ने एक मुलाकात में कहीं।इस मौके पर उन्होंने कहा कि अगर आपको रेलवे स्टेशन परिसर व रेल यात्रा के दौरान अगर आपको अपने आसपास कोई भी व्यक्ति व वस्तु संदिग्ध हालात में दिखाई दे तो बिना देरी किए आप इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दे जिससे समय रहते बड़ी से बड़ी घटनाओं को टाला जा सके। उन्होंने बताया कि किसी भी घटना का सही अनावरण तभी शत प्रतिशत संभव है जब पुलिस घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंच कर घटना के खुलासा में जुट जाएं।वहा पर जितने भी साक्ष्य हो उसे पुलिस अपने कब्जे में रख लें। जिससे पुलिस घटनास्थल पर होने वाले घटना का खुलासाध निष्पक्ष ढंग से कर सकते है। यह बातें प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी अयोध्या कैंट जीतेंद्र सिंह ने एक खास मुलाकात में कहीं। उन्होंने बताया कि जब कही पर ट्रेन से कोई अप्रिय घटना, ट्रेन में चोरी व अन्य आपराधिक घटना घटित होने की सूचना जीआरपी पुलिस को मिले तो बिना देरी किए जीआरपी पुलिस व अन्य पुलिस की मदद से जितनी भी जल्दी हो सके तो घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का खुलासा करने में जुट



जाएं।इससे दो बातें होती है पहली बात तो कोई भी व्यक्ति साक्ष्य को प्रभावित नहीं कर सकता है।दूसरी जो भी परिणाम होगा वह बिना प्रभावित व निष्पक्ष ढंग से होगा।प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी कैंट जीतेंद्र सिंह ने बताया कि जितनी देर में जीआरपी पुलिस घटनास्थल स्थल पर पहुंचती है तो उतनी देर में वह साक्ष्य आदि प्रभावित हो सकती है।इसके लिए बिना देरी किए जीआरपी पुलिस अन्य पुलिस कर्मी की मदद से शीघ्र से शीघ्र घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल की खुलासा निष्पक्ष ढंग से कर सके।

# न्यायिक अधिकारी बन अमीर महिलाओं को फंसाकर करता था शारीरिक शोषण व वसूली : जाल बिछाकर दबोचा गया

लखनऊ ब्यूरो : साइबर क्राइम सेल की टीम ने एक ऐसे जालसाज को बुधवार को दबोचा है। जो न्यायिक अधिकारी बनकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था। उससे शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता, फिर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये वसूलता था। जालसाज के निशाने पर शादी का विज्ञापन देने वाली तलाकशुदा व विधवा महिलाएं ही रहती थी। साइबर क्राइम सेल की टीम ने आरोपी के पास से चार लाख रुपये के जेवरात, चार मोबाइल और छह सरकारी विभागों की मुहर बरामद की हैं। साइबर क्राइम सेल के प्रभारी निरीक्षक रणजीत राय के मुताबिक पकड़ा गया जालसाज कानपुर के नवाबगंज का रहने वाला विष्णु शंकर गुप्ता है। वह पेशे से वकील रहा है। आरोपी के खिलाफ हजतरगंज थाने में महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोप था कि विष्णु शंकर ने खुद को जज बताकर उसे कॉल किया। शादी करने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद उसके साथ कई महीनों तक होटल व रेस्टोरेंट में मुलाकात करता था। उसके साथ शारीरिक शोषण किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो बनाई। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जालसाज ने पीड़िता से 43.50 लाख रुपये की नकदी, 5 लाख के जेवरात, 3.30 लाख के दो एप्पल के मोबाइल हासिल किए। ठगी करने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया था। जज बनकर करता था कॉल, 20 अधिक महिलाओं को ठगा एडीसीपी क्राइम अखिलेश सिंह के मुताबिक पूछताछ में विष्णु शंकर गुप्ता ने कुबूल किया कि वह कानपुर में वकालत करता था। वकालत अच्छी नहीं चल रही थी। एक–दो केस के बारे में अखबारों में पढ़ा। इसके बाद ठगी करने की योजना बनाई। विष्णु ने कुबूल किया कि अब तक वह 20 से अधिक महिलाओं को ठग चुका है। उसके निशाने पर आर्थिक रूप से संपन्न विधवा, तलाकशुदा और सरकारी नौकरी करने वाली महिलाएं होती थी। जो



अखबार में अपनी शादी का विज्ञापन प्रकाशित कराती थी। वह उनसे जज बनकर कॉल करता था। ताकि किसी को संदेह न हो। महिलाओं के नंबर हासिल करने के बाद उनसे बातचीत व चौटिंग शुरू कर देता था। उनको धोखे में रखकर प्रॉपर्टी व महंगी कार खरीदने के लिए रुपये व जेवरात ले लेता था। रुपये मिलने के बाद मोबाइल बंद कर देता। फिर उनसे संपर्क नहीं करता था। विज्ञापन निकाला, महिला पुलिसकर्मी से बात कर फंसाया पुलिस के मुताबिक आरोपी को दबोचने के लिए जाल बिछाना पड़ा था। पीड़िता ने जो मोबाइल नंबर दिये थे। वह लगातार बंद आ रहे थे। जिसके कारण पुलिस ने अखबार में एक विज्ञापन निकाला। जिसमें आर्थिक रूप से संपन्न महिला का नाम, पता और मोबाइल नंबर दिया। जालसाज ने विज्ञापन देखने के बाद दिये गये पुलिस के नंबर पर कॉल किया। कॉल आने के बाद महिला पुलिसकर्मी से बातचीत कराई गई। उसे लगातार चौटिंग की गई। रुपये मांगने पर उसे देने के लिए लखनऊ बुलाया गया। लखनऊ आते ही साइबर क्राइम सेल की टीम ने उसे दबोच लिया। इंस्पेक्टर रणजीत राय के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कानपुर के नवाबगंज, कोतवाली नगर, चकेरी में पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अभी आरोपी की कुंडली खंगाल रही है। उसके मोबाइल से कई नंबर मिले है। जिसके जरिए पीड़ित महिलाओं से संपर्क किया जा रहा है।

# जीआरपी पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जीआरपी पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के नगद रुपया व सामान बरामद किया। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी अयोध्या कैंट धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट/जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया/वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्वेक्षण में थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट की गठित टीम द्वारा थाना जीआरपी से एक शातिर चोर मनोज उर्फ सनोज सोनी पुत्र स्व0 शिवानन्द सोनी निवासी ब्लाक नं0 24 कमरा नं0 384 कांशीराम कालोनी थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसके पास से नगद धनरशि– 6670 रुपये,एक मोबाइल रेडमी टच स्क्रीन कीमती 12000 रुपये, लगभग,एक लेडीज पर्स गुलाबी रंग ,बैंक पासबुक पंजाब नेशनल बैंक,ई श्रम कार्ड,आधार कार्ड,लेडिज मेकअप का सामान (कंघा, चूड़ी व विजान पाउडर का डिब्बा व ब्लैक गोल्डन कलर का स्टोल) बरामद किया। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी ने बताया कि जो बरामद मोबाइल व 1750 रू0 मिले है उन्हे आज से लगभग 45 दिन पहले छपरा लखनऊ ट्रेन से एक लेडिज पर्स चोरी करके अयोध्या स्टेशन से पहले गाड़ी धीरे होने पर लेकर उतर गया था जिसमें चाभी, एक अंगूठी, 4000/– रूपया व यही मोबाइल मिला था पकड़े जाने के डर से अंगूठी व 4000/– रूपये और मोबाइल रख लिया था बाकी सामान मय पर्स के चलते राह झांडियों में फेंक दिया था अंगुठी को एक अंजान व्यक्ति को राह चलते अपनी समस्या बताते हुए 1500/– रूपये में बेच दिया था यह मोबाइल व 1750 रूपये उसी चोरी का बचा हुआ बाकी रूपये खाने



पीने में खर्च हो गये थे 4200 रूपये के बारे में पूछा गया तो बताया कि साहब आज से लगभग 20 दिन पहले बरेली वाराणसी ट्रेन से स्लीपर कोच से एक बैग चोरी करके अयोध्या स्टेशन के आउटर पर उतर गया था जिस बैग में कुछ कपड़े और 15000/– रूपये रखे थे बैग व कपड़ो को चलते राह में फेंक दिया मिले 15000 रूपये रख लिये थे ये 4200/– रूपये उसी चोरी का बचा हुआ है बाकी खाने पीने व दवा में खर्च हो गये थे बरामद 720 रूपये के बारे में पूछा गया तो बताया कि करीब 20–25 दिन पहले बरेली वाराणसी ट्रेन से एक महिला का लेडिज पर्स चोरी करके यही थोड़ा आगे ट्रेन धीमे होने पर आउटर पर उतर गया था उस पर्स में 2000/– रूपया, एक जोड़ी पायल व पासबुक तथा कुछ कागज और लेडिज श्रृंगार का सामान रखा था उस पर्स से 2000 व पायल निकाल लिया था बाकी सामान पर्स सहित उसी स्थान पर रेलवे लाइन के किनारे पत्थर से दबाकर रख जिसे मौके पर जाकर पत्थरो के बीच से नीचे दबी हुई एक गुलाबी रंग की लेडिज पर्स उठाकर दिया जिसे खोलकर देखा गया तो पूजा नाम का आधार कार्ड तथा पूजा नाम का ई श्रम कार्ड व पूजा पत्नी धनवीर पासबुक पंजाब नेशनल बैंक की है तथा लेडिज मेकअप का सामान कंघा, चूड़ी व विजान पाउडर का डिब्बा व ब्लैक गोल्डन कलर का स्टोल रखा बरामद हुआ है।

# ट्रेन में सफर कर रही प्रसव पीड़िता को अस्पताल भेज कर एस्कार्ट कर्मियों ने किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीती रात गाड़ी संख्या 15026 आनंद विहार ट्रेन में स्काट ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के सराहनीय कार्य के चलते एक प्रसव पीड़िता को सकुशल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी कैंट अयोध्या धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रसव पीड़िता सुनीता पत्नी पवन कुमार निवासी घोसी जनपद मऊ जो गाड़ी संख्या 15026 आनंद विहार मऊ बोगी संख्या एस वन के सीट नंबर 38 पर दिल्ली से मऊ तक की यात्रा कर रही थी।कि यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा होने की सूचना स्कॉर्ट चेकिंग के समय हुई एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात कुलदीप पांडे व आरक्षी जय दयाल द्वारा कंट्रोल को सूचना देकर अवगत करा कर अगले स्टेशन रुदौली पर स्टेशन मास्टर से वार्ता कर एंबुलेंस की व्यवस्था करा कर उपचार हेतु रवाना किया गया।दोनों एस्कॉर्ट कर्मचारियों की तत्परता से कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई पीड़ित व रेल यात्रियों द्वारा एस्कॉर्ट कर्मचारियों के अपने कर्तव्य के प्रति सजगता की मुक्त कंठ से सराहना की गई।

# दीपोत्सव में पिछली बार से इस बार अधिक समय तक जलेंगे दीप : बढ़ाया गया दीयों का साइज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में छठे दीपोत्सव में जलाए जाने वाले दीयों को जलता हुआ देख सकेंगे।जिसके लिए इस बार दीयों के साइज को बड़ा किया गया है। जिसके चलते इस बार 30 मिनट से भी अधिक समय इन दीयों को जलता देखा जा सकेगा। दरअसल पूर्व में 5 वर्षों से हो रही दीपोत्सव में जलाए जाने वाले दीयों में मात्र तीस एम एल तेल एक दीए में डाला जाता था। जिसके कम समय मे ही यह सभी दीए जलकर समाप्त हो जाते थे। और आयोजन के बाद पहुंचने वाले लोग उस अद्भुद नजरें को देखने से वंचित रहते थे।अयोध्या छठे दीपोत्सव को भव्य मनाए जाने की तैयारी शुरू हो चुका है राम की पैड़ी पर इस बार 16 लाख से अधिक दीप जलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे 12 लाख से अधिक दीपों को जलाए जाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जा सके। जिसको लेकर अब राम की पैड़ी में दीयों को जुटाए जाने का क्रम भी शुरू हो गया है। अयोध्या सहित लखनऊ, गोंडा सहित अन्य जनपदों से लगभग 7 लाख से अधिक दीए राम की पैड़ी पर पहुंच चुका है। जिन्हें एक स्थान पर सुरक्षित रखा जा रहा है । इस दीपोत्सव के नोडल अधिकारी अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अजय सिंह के मुताबिक इस बार राम की पैड़ी सहित अयोध्या के सरयू तट पर भी दीप जलाए जाएंगे इसके लिए हिंदी को को लगाए जाने का कार्य की कुछ दिन पहले से ही प्रारंभ किया जाएगा वही बताया कि इस बार इन जीवो को लगाने और जलाने के लिए 20 हजार से अधिक वालंटियर को तैयार किया जा रहा है।राम की पैड़ी पर होने वाले दीपोत्सव इस बार अद्भुत नजारा दिखाई देगा। लेकिन इस बार चलने वाली यह दिए वह दिए बेहद खास स्वरूप में तैयार किया गया है जो कि अधिक समय तक जलता हुआ दिखाई देगा। दीपोत्सब को लेकर निर्धारित किये गए वेंडर के मुताबिक पहले दीयों में 30 एम एल तेल डाला जाता था लेकिन इस बार दीयों के साइज को बड़ा किया गया है। और इस बार 40 एम एल तेल इन दीयों को पिछली बार की अपेक्षा अधिक समय तक जलेगा। वही बताया कि दीयों को लाने व लगाने में कोइ प्राब्लम न हो इसलिए इस बार पहले से ही स्टोर किया जा रहा है।

# भारी बारिश के बीच राम नगरी अयोध्या में किया गया रावण दहन : जय श्रीराम के नारे से गूंजी राम नगरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या भारी वर्षा के बीच रावण दहन की परंपरा को निभाया गया और इस दौरान जय श्री राम की गूंज भी सुनाई दिए। दरअसल सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला के मैदान में चल रही फिल्मी सितारों की रामलीला में आज आखिरी दिन बुधवार को राम रावण युद्ध के बाद अत्याचारी और अधर्मी रूपी रावण का वध के आयोजन को प्रतीकात्मक रूप में पूरा किया गया।राम नगरी अयोध्या किस नदी पर स्थित लक्ष्मण किला के मैदान में पिछले 9 दिनों से चल रही फिल्मी सितारों की रामलीला में भगवान श्री राम के जन्म से लेकर वनवास, सीता हरण, लंका दहन के बाद रावण वध का भी आयोजन को किया गया। जिसमें बॉलीवुड के कई अभिनेता भी अलग–अलग किरदार में नजर आए। तो वहीं भाजपा के दो सांसद मनोज तिवारी व रवि किशन ने भी इस रामलीला में अपनी अहम भूमिका निभाई।दशहरा के मौके पर राम नगरी अयोध्या में चल रहे फिल्मी सितारों की रामलीला में आज 20 फुट के बने रावण दहन के आयोजन की परंपरा को निभाया गया। फिर खाना बनाती है जबकि आज पूरे दिन भारी बरसात के कारण रामलीला के आयोजन में बाधा बनी रही लेकिन शाम होते ही रामलीला आयोजन समिति के द्वारा अयोध्या की इस परंपरा को निभाते हुए रावण दहन का आयोजन किया दौरान रामलीला में राम की भूमिका निभा रहे राहुल बुचर, हनुमान की भूमिका निभा रहे बिंदु दारा सिंह और रावण की भूमिका निभा रहे फिल्म स्टार शाहबाज खान और माता सीता की भूमिका में दीक्षा रैना भी मौजूद रही। रावण का दहन होते ही पूरे परिसर में जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। और देखते ही देखते रावण का पुतला जल कर समाप्त हो गया।अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने कहा कि अधर्मी अत्याचारी रूपी रावण का अंतिम गति भी ढंग से नहीं मिल सका इसी प्रकार से जो जैसा कर्म करेगा उसको वही फल मिलेगा। कहा कि आज हम इंसानों को भी सीखना चाहिए कि जीवन में अच्छे कर्म करें और भगवान राम के जो संस्कार हैं उसके अनुसार हम लोग चलें। क्योंकि आज कर्म से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है।

## शाईन सिटी के सीएमडी की गिरफ्तारी के लिए विदेश मंत्रालय से पत्राचार : एमडी से पांच घंटे पूछताछ

लखनऊ ब्यूरो : निवेश के नाम पर हजारों करोड़ की ठगी करने वाली कंपनी शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम की गिरफ्तारी के लिए ईओडब्ल्यू की टीम लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए विदेश मंत्रालय से पत्राचार किया जा रहा है। वहीं कंपनी के एमडी व सीएमडी के करीबी इजहार अंसारी से प्रयागराज के नैनी केंद्रीय कारागार में लंबी



पूछताछ की गई। यह पूछताछ आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और केंद्र की सीरियस फ्राड इनवेस्टीगेशन आर्गनाइजेशन (एसएफआईएस) के अधिकारियों ने की है। पूछताछ में कई जानकारी सामने आने के बाद उसे आधार बनाकर जांच एजेंसी राशिद पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। जांच एजेंसी के अधिकारियों को पूछताछ में कंपनी की कई संपत्तियों के बारे में जानकारी मिली है। जिसके सत्यापन के लिए एक टीम लगाई गई है। वहीं कंपनी से जुडेध जिम्मेदार अधिकारियों, उनके बैंक खातों, कंपनी के बैंक खातों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जांच एजेंसी अब इसकी जांच कर रही है। शाइन सिटी ने देश में कितने बैंक खाते खोले थे। उनमें से कितनी रकम कहां ट्रांसफर की है। पूछताछ के दौरान ईओडब्ल्यू के डिप्टी एसपी अखिलेश राजन, इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह, अशोक सिंह के अलावा एसएफआइएस के अधिकारी मौजूद रहें। इस पूछताछ में ईडी के अधिकारियों को भी शामिल होना था लेकिन वह नहीं पहुंच सके थे। जल्द ही ईडी की टीम अलग से पूछताछ करेगी। कंपनी के आर्थिक अपराध के बारे में ईडी की टीम भी जानकारी जुटा रही है। डेढ़ साल पहले साल राशिद नसीम की कंपनी में काम करने वाले विजलेश केसरवानी ने पीड़ितों का एक संगठन तैयार किया था। इसके बाद संगठन की ओर से विजलेश ने प्रयागराज हाईकोर्ट में शाइन सिटी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड और कंपनी के निदेशक राशिद नसीम के खिलाफ 60 हजार करोड़ से अधिक की ठगी की रिट दायर की थी। दुबई से कई देशों में चला रहा अपना नेटवर्क शाइन सिटी का सीएमडी राशिद नसीम ने दुबई जाकर खुद को ग्लोबल ब्रांड घोषित कर दिया। अब दुबई से बैठकर कई देशों में अपना नेटवर्क संचालित कर रहा है। 2018 में उसने यूएसए, लंदन, न्यूजीलैंड, कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, आयरलैंड, हांगकांग, सिंगापुर, नार्वे, स्विट्जरलैंड, फिनलैंड, मलेशिया, जार्जिया देशों में अपनी कंपनियां शुरू करने का एलान किया। राशिद नसीम ने रियल एस्टेट में ग्रुप हाउसिंग, फ्लैट, कामर्शियल प्रापर्टी, आवासीय व व्यावसायिक प्लाट, रो हाउस के प्रोजेक्ट बनाये। खुफिया एजेंसी भी राशिद की तलाश में जुटी हैं। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक इस समय राशिद ने अपना ठिकाना जार्जिया में बना रखा है। उसके इस ठिकाने के बारे में पूरा ब्योरा जुटाया जा रहा है।

## दुर्गा पूजा पंडाल में उतरे करंट से दो लोगों की मौत : आधा दर्जन झुलसे

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या जिले के रुदौली विधानसभा क्षेत्र के बसैगापुर गांव में लगे दुर्गा पूजा पंडाल में अचानक लोहे के खंभों में करंट उतर आने के कारण लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग चपेट में आ गए। दो लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग मामूली रूप से झुलस गए। बताया जाता है कि बुधवार की शाम दुर्गा पूजा पंडाल में भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां पर सैकड़ों की संख्या में माता–बहनें एवं बड़े बुजुर्ग मौजूद रहे। मृतकों का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बाराबंकी भेज दिया गया जिन का अंतिम संस्कार गुरुवार की सुबह भारी बारिश के दौरान बीच में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव एवं दरियाबाद विधानसभा से विधायक व मंत्री सतीश चंद शर्मा की मौजूदगी में कर दिया गया। दोनों एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।